**SET – 2**

**Series :SSO/C**

**कोड नं.**
**Code No.** **61/2**

**रोल नं.**
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10 + 1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **10** printed pages + **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **18** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : **3** घंटे ]* *[ अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1** से **3** **दो** अंक वाले हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **4** से **9** **चार** अंक वाले हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । विद्यार्थियों को इस खण्ड से केवल **पाँच** प्रश्नों को हल करना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **10** मूल्य आधारित प्रश्न है और **अनिवार्य** है, यह प्रश्न भी **चार** अंक का है ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **11** से **14** **आठ** अंक वाले हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **350** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । विद्यार्थियों को इस खण्ड से किन्हीं **तीन** प्रश्नों को हल करना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **15** से **17** स्रोत आधारित हैं । इनमें कोई आन्तरिक विकल्प नहीं है ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **18** मानचित्र सम्बन्धी है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्त्वपूर्ण मदों को दर्शाना शामिल है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* *Answer **all** the questions. Some questions have choice. Marks are indicated against each question.*

*(ii)* *Answer to questions no. **1** to **3**, carrying **2** marks should not exceed **30** words each.*

*(iii)* *Answer to questions no. **4** to **9**, carrying **4** marks, should not exceed **100** words each. Students should attempt only **5** questions in this section.*

*(iv)* *Question **10** (for **4** marks) is a value based question and **compulsory**.*

*(v)* *Answer to questions no. **11** to **14**, carrying **8** marks should not exceed **350** words each. Students should attempt only **3** questions from this section.*

*(vi)* *Questions no. **15** to **17** are source based questions and have no internal choice.*

*(vii)* *Map Question **18** includes 'identification' and 'significance' test items. Attach the map with the answer-book.*

## खण्ड – क

## PART – A

निम्नलिखित **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 × 3 = 6**

Answer **all** questions given below :

1. 'दक्कन दंगा आयोग' का गठन क्यों किया गया था ? स्पष्ट कीजिए । **2**

Explain why 'Deccan Riots Commission' was set up.

2. हड़प्पन स्थलों की जल-निकास प्रणाली की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **2**

Mention two features of drainage system of the Harappan cities.

3. अकबर को मुग़ल बादशाहों में महानतम क्यों माना जाता है ? दो कारण लिखिए । **2**

Why is Akbar considered to be the greatest of all the Mughal Emperors ? Give two reasons.

**खण्ड – ख**

**PART – B**

**अनुभाग – I**

**SECTION – I**

निम्नलिखित प्रश्न में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : **4 × 5 = 20**

Answer any **five** of the following questions :

4. भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के डायरेक्टर जनरल कनिंघम, हड़प्पा के महत्त्व को समझने में क्यों चूक गए ? स्पष्ट कीजिए । **4**

Why did Cunningham as the Director General of Archaeological Survey of India (ASI) miss the significance of Harappa ? Explain.

5. 'महानवमी डिब्बा' से जुड़े अनुष्ठानों (धार्मिक रीति-रिवाजों) के महत्त्व की परख कीजिए । **4**

Examine the significance of rituals associated with 'Mahanavami Dibba'.

6. “शास्त्रों के अनुसार केवल क्षत्रिय राजा हो सकते थे ।” यह बात सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य नहीं थी, यह सिद्ध करने के लिए प्रमाण प्रस्तुत कीजिए । **4**

“According to shastras only Kashatriyas could be the Kings.” Provide evidence to prove that this was not universally followed.

7. फतेहपुर सीकरी के इबादत खाने में की गई धार्मिक चर्चाओं का अकबर के धार्मिक दर्शन पर पड़े प्रभाव की व्याख्या कीजिए । **4**

Explain the value of interfaith debates which were held in Ibadat Khana at Fatehpur Sikri to shape the religious philosophy of Akbar.

8. भारत की संविधान सभा के दमित वर्ग के विषय में सुरक्षा देने के लिए दिए गए सुझावों की परख कीजिए । **4**

Examine the recommendations of the Constituent Assembly of India regarding the protection to be given to the depressed castes.

9. भारत के विभाजन के कारणों को स्पष्ट कीजिए । **4**

Explain the causes that led to the partition of India.

## अनुभाग – II
## SECTION – II
## मूल्य आधारित प्रश्न (अनिवार्य)
## Value based Question (Compulsory)

10. “शताब्दियों से मीराबाई प्रेरणा का स्रोत रही है ।” मीराबाई की सामाजिक-धार्मिक विचारधारा से, जिन नैतिक मूल्यों को आपने सीखा है, उनका वर्णन कीजिए । **4**

“Mirabai has been recognized as a source of inspiration for centuries.” Identify the moral values that you have learnt from her socio-religious ideology.

## खण्ड – ग

## PART – C

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिए : **8 × 3 = 24**

Answer any **three** of the following questions :

11. औपनिवेशिक भारत में हिल स्टेशनों (पर्वतीय सैरगाहों) के विकास को बढ़ावा देने वाले कारकों का विश्लेषण कीजिए । **8**

Analyse the factors that led to the development of hill stations in colonial India.

12. भारत में सती प्रथा पर बर्नियर के विचारों तथा दासी प्रथा पर इब्न बतूता के विचारों को स्पष्ट कीजिए । **4 + 4 = 8**

Explain the ideas of Bernier on Sati System and ideas of Ibn Batuta on female slavery in India.

13. मौर्य प्रशासन की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए । मौर्य साम्राज्य के इतिहास की पुनर्रचना के लिए इतिहासकारों द्वारा प्रयुक्त किए गए प्रमुख स्रोतों का उल्लेख कीजिए । **4 + 4 = 8**

Describe the main characteristics of Mauryan Administration. Point out the major sources used by Historians to reconstruct the history of Mauryan Empire.

14. उन कारकों का वर्णन कीजिए, जिनसे 'भारत छोड़ो आंदोलन' एक जन आंदोलन बन गया । **8**

Outline the factors that made 'Quit India Movement' a mass movement.

खण्ड – घ

## PART – D

**(स्रोत आधारित प्रश्न) (Source Based Questions)** **7 × 3 = 21**

15. निम्नलिखित उद्धरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

### विद्रोही ग्रामीण

ग्रामीण अवध क्षेत्र से रिपोर्ट भेजने वाले एक अफ़सर ने लिखा :

अवध के लोग उत्तर से जोड़ने वाली संचार लाइन पर ज़ोर बना रहे हैं... । अवध के लोग गाँव वाले हैं... । ये गाँव वाले यूरोपियों की पकड़ से बिलकुल बाहर हैं । पल में बिखर जाते हैं, पल में फिर जुट जाते हैं । शासकीय अधिकारियों का कहना है कि इन गाँव वालों की संख्या बहुत बड़ी है और उनके पास बाकायदा बंदूकें हैं ।

(15.1) विद्रोहियों से निपटने के लिए अंग्रेजों के समक्ष आई समस्याओं का वर्णन कीजिए । **2**

(15.2) 1857 के विद्रोह में अवध की भूमिका का विश्लेषण कीजिए । **2**

(15.3) अवध में विद्रोह के दमन के लिए अंग्रेजों ने क्या-क्या उपाय किए थे ? **3**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

### Villagers as rebels

An officer reporting from rural Awadh (spelt as Oude in the following account) noted :

The Oude people are gradually pressing down on the line of communication from the North … the Oude people are villagers … these villagers are nearly intangible to Europeans melting away before them and collecting again. The Civil Authorities report these villagers to amount to a very large number of men, with a number of guns.

(15.1) Outline the problems faced by the Britishers in dealing with the rebels.

(15.2) Analyse the role of Awadh in the revolt of 1857.

(15.3) What measures were taken by the British to suppress the rebellion in Awadh ?

16. निम्नलिखित उद्धरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**अग्नि की प्रार्थना**

यहाँ पर ऋग्वेद से लिए गए दो छंद हैं जिनमें अग्निदेव का आह्वान किया गया है :

हे शक्तिशाली देव, आप हमारी आहुति देवताओं तक ले जाएँ । हे बुद्धिमंत, आप तो सबके दाता हैं । हे पुरोहित, हमें खूब सारे खाद्य पदार्थ दें ।

हे अग्नि यज्ञ के द्वारा हमारे लिए प्रचुर धन ला दें । हे अग्नि, जो आपकी प्रार्थना करता है उसके लिए आप सदा के लिए पुष्टिवर्धक अद्भूत गाय ला दें । हमें एक पुत्र मिले जो हमारे वंश को आगे बढ़ाएँ ...

इस तरह के छंद एक खास तरह की संस्कृत में रचे गए थे जिसे वैदिक संस्कृत कहा जाता था । ये स्रोत पुरोहित परिवारों के लोगों को मौखिक रूप में सिखाए जाते थे ।

(16.1) ऋग्वेद किसे कहते हैं ? **2**

(16.2) वैदिक काल में बलि देने की परम्परा के उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए । **2**

(16.3) "ऋग्वेद में विभिन्न देवी-देवताओं की प्रशंसा में भजन शामिल हैं ।" विवरण दीजिए । **3**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**A Prayer to Agni**

Here are two verses from the *Rigveda* invoking Agni, the god of fire, often identified with the sacrificial fire, into which offerings were made so as to reach the other deities :

Bring, O strong one, this sacrifice of ours to the gods, O wise one, as a liberal giver. Bestow on us, O priest, abundant food.

Agni, obtain, by sacrificing, mighty wealth for us. Procure, O Agni, for ever to him who prays to you (the gift of) nourishment, the wonderful cow. May a son be ours, offspring that continues our line …

Verses such as these were composed in a special kind of Sanskrit, known as Vedic Sanskrit. They were taught orally to men belonging to priestly families.

(16.1) What is the 'Rigveda' ?

(16.2) Outline the objectives of the sacrificial traditions prevailing during vedic age.

(16.3) "The Rigveda consists of hymns in praise of a variety of deities." Elaborate.

17. निम्नलिखित उद्धरण को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**पहाड़ी कबीलों और मैदानों के बीच व्यापार, लगभग 1595**

अवध सूबे (आज के उत्तर प्रदेश का हिस्सा) के मैदानी इलाकों और पहाड़ी कबीलों के बीच होने वाले लेन-देन के बारे में अबुल फ़ज़्ल ने कुछ इस तरह लिखा है :

उत्तर के पहाड़ों से इंसानों, मोटे-मोटे घोड़ों और बकरों की पीठ पर लादकर बेशुमार सामान ले जाए जाते हैं, जैसे कि सोना, ताँबा, शीशा, कस्तूरी, सुरागाय (याक) की पूँछ, शहद, चुक (संतरे के रस और नींबू के रस को साथ उबालकर बनाया जाने वाला एक अम्ल), अनार दाना, अदरख, लंबी मिर्च, मजीठ (जिससे लाल रंग बनाया जाता है) की जड़ें, सुहागा, ज़दवार (हल्दी जैसी एक जड़), मोम, ऊनी कपड़ें, लकड़ी के सामान, चील, बाज़, काले बाज़, मर्लिन (बाज़ पक्षी की ही एक किस्म) और अन्य वस्तुएँ । इसके बदले, वे सफ़ेद और रंगीन कपड़े, कहरुबा (एक पीला-भूरा धातु जिससे गहने बनाए जाते थे), नमक, हींग, गहने और शीशे व मिट्टी के बरतन वापिस ले जाते हैं ।

(17.1) मैदानी और पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों के बीच आदान-प्रदान की जाने वाली किन्हीं चार वस्तुओं के नाम लिखिए । **2**

(17.2) व्यापार की वस्तुओं को लाने-ले जाने के लिए यातायात के किन साधनों का उपयोग किया जाता था ? **2**

(17.3) मुग़ल काल में जंगल निवासियों पर वाणिज्यिक कृषि के पड़े प्रभाव का वर्णन कीजिए । **3**

Read the following excerpt carefully and answer the questions that follow :

**Trade between the hill tribes and the plains, c. 1595**

This is how Abu'l Fazl describes the transactions between the hill tribes and the plains in the *suba* of Awadh (part of present-day Uttar Pradesh) :

From the northern mountains quantities of goods are carried on the backs of men, of stout ponies and of goats, such as gold, copper, lead, musk, tails of the *kutas* cow (the yak), honey, *chuk* (an acid composed of orange juice and lemon boiled together), pomegranate seed, ginger, long pepper, *majith* (a plant producing a red dye) root, borax, zedoary (a root resembling turmeric), wax, woolen stuffs, woodenware, hawks, falcons, black falcons, merlins (a kind of bird), and other articles. In exchange they

carry back white and coloured cloths, amber, salt, asafoetida, ornaments, glass and earthenware.

(17.1) Mention any four articles those were exchanged between the people of plains and hilly areas.

(17.2) What were the means of transport used for carrying trade articles ?

(17.3) Describe the impact of commercial agriculture on the lives of the forest dwellers in Mughal India.

## खण्ड – ङ

## PART – E

**मानचित्र प्रश्न/Map Question**

18. (18.1) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए :

(a) दांडी – भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का केन्द्र **1**

(b) कलकत्ता (कोलकाता) – वह स्थान जो 1857 में अंग्रेजों के अधीन था । **1**

(18.2) इसी मानचित्र पर तीन बौद्ध स्थलों को 1, 2 और 3 से दर्शाया गया है । उनको पहचानिए तथा उनके नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए । **3**

(18.1) On the given political outline map of India, locate and label the following appropriately symbols :

(a) Dandi – A centre of Indian national movement.

(b) Calcutta (Kolkata) – A place under British control in 1857.

(18.2) On the same map three Buddhist sites are marked as 1, 2 and 3. Identify them and write their names on the lines drawn near them.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र.सं. **18** के स्थान पर है :

(18.1) उस स्थान का नाम लिखिए जो गुजरात में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़ा था । **1**

(18.2) पश्चिम बंगाल के उस स्थान का नाम लिखिए जो 1857 में अंग्रेजों के अधिकार क्षेत्र में था । **1**

(18.3-18.5) भारत के किन्हीं तीन बौद्ध स्थलों के नाम लिखिए । **3**

**Note :** The following questions are for the **visually impaired candidates** only, in lieu of Q. No. **18**.

(18.1) Name a place in Gujarat associated with Indian National Movement.

(18.2) Name any place in West Bengal which was under the control of British in 1857.

(18.3-18.5) Name any three Buddhist sites in India:

यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

प्रश्न सं. 18 के लिए मानचित्र

Map for Q. No. 18

**Outline Map of India (Political)**

**भारत का रेखा - मानचित्र (राजनीतिक)**

